पत्रांक 4904 /आयु0 राज्यकर/उत्तरा0/जी0एस0टी0–विधि–अनु0/2017–18

कार्यालय राज्य कर आयुक्त, उत्तराखण्ड।
(जी0एस0टी0–विधि–अनुभाग)
देहरादून::दिनांक ::15 जनवरी, 2018

## परिपत्र

दिनांक 01.07.2017 से जी0एस0टी0 लागू होने के उपरान्त पंजीयन दिए जाने की प्रक्रिया जी0एस0टी0एन0 के पोर्टल पर की जाती है। कर निर्धारण अधिकारियों द्वारा लॉगइन करके उनके खण्ड से सम्बंधित पंजीयन प्रार्थना–पत्रों का निस्तारण नियमानुसार किया जाता है। मुख्यालय के संज्ञान में यह आया है कि कुछ ऐसे भी पंजीयन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है जो कि दूसरे खण्ड के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आते हैं। ऐसे पंजीयन प्रार्थनापत्र के निस्तारण में अधिकारियों द्वारा उनके अधिकार क्षेत्र के न होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई एवं ऐसे व्यापारी 3 दिन की पंजीयन समय सीमा के बाद स्वतः पंजीकृत हो गये हैं। जी0एस0टी0एन0 द्वारा माह नवम्बर, 2017 में पंजीयन प्रार्थना–पत्र के हस्तान्तरण की यूटीलिटी पंजीयन करने वाले अधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई है। जिससे वह ऐसे पंजीयन प्रार्थना–पत्रों को जो कि दूसरे अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र से संबंधित है, को हस्तान्तरित कर सकता है। माह दिसम्बर में कर निर्धारण अधिकारी के लॉग–इन में नये पंजीकृत व्यापारियों की सूचना उपलब्ध हो गई है, जिसमें कुछ ऐसे पंजीकृत व्यापारी भी प्रदर्शित हो रहे हैं जो अन्य कर निर्धारण अधिकारी के अधिकार क्षेत्र से हैं। ऐसे व्यापारियों को हस्तान्तरित किया जाना आवश्यक होगा।

उपरोक्त के संबंध में निम्न प्रक्रिया निर्धारित की जाती है :–

1. कर निर्धारण अधिकारी के लॉग–इन पर प्रदर्शित ऐसे व्यापारी जो उसी मण्डल के अन्य खण्ड के क्षेत्राधिकार में स्थित है, ऐसे व्यापारियों के संबंध में खण्डाधिकारी स्वयं मंडल कार्यालय में सम्पर्क कर उस खण्ड का पता लगाएंगे जिस खण्ड के अधिकार क्षेत्र में व्यापारी को वास्तव में होना है। ऐसे व्यापारियों के वास्तविक खण्ड का पता लगने पर, ऐसे व्यापारियों की सूचना निम्न प्रारूप में स्टेट एडमिन को 'मेल' पर प्रेषित की जाएगी।

| क्र0सं0 | जी0एस0टी0एन0 न0 | व्यापारी का नाम | वर्तमान में पंजीकृत खण्ड का नाम | खण्ड का नाम जिसमें हस्तान्तरण किया जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

2. इसी प्रकार ऐसे व्यापारी, जो ऐसे मण्डल से सम्बन्धित हैं जहां सिर्फ एक ही खण्ड है, के सम्बन्ध में सूचना उक्त प्रारूपों में सीधे स्टेट एडमिन को प्रेषित की जायेगी। ये मण्डल कार्यालय हैं– मसूरी, उत्तरकाशी, श्रीनगर, रूद्रप्रयाग, गोपेश्वर, नैनीताल, रामनगर, बागेश्वर, किच्छा व टनकपुर।
3. ऐसे पंजीकृत व्यापारी जो अन्य दूसरे मण्डल कार्यालय के क्षेत्राधिकार से संबंधित है ऐसे व्यापारियों की सूचना उक्त प्रारूप में उस मण्डल के नोडल अधिकारी को 'ई–मेल' के माध्यम से प्रेषित की जाएगी। नोडल अधिकारी को प्रेषित सूचना में कॉलम–5 (खण्ड का नाम जिसमें हस्तान्तरण किया जाना है), को खाली रखा जायेगा।

4. प्रत्येक मण्डल में नामित नोडल अधिकारी अन्य मण्डलों से प्राप्त उपरोक्त सूचना को एकत्रित करते हुए व्यापारी के खण्ड का पता लगाकर खण्ड अंकित करते हुए उक्त निर्धारित प्रारूप में सूचना स्टेट एडमिन को प्रेषित करेंगे।

5. स्टेट एडमिन द्वारा हस्तान्तरित किये जाने वाले व्यापारियों के संबंध में संबंधित क्षेत्राधिकार में हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पन्न की जाएगी।
स्टेट एडमिन को सूचना निम्न मेल आई–डी पर प्रेषित करेंगे :–

i. श्री राकेश वर्मा, संयुक्त आयुक्त, राज्य कर, देहरादून।
E-mail – **rakeshverma.jc@gmail.com**

ii. श्री मनीष मिश्रा, उपायुक्त (क0नि0)–6 राज्य कर, देहरादून।
E-mail – **manishmsr@gmail.com**

6. ऐसे मण्डल, जहां एक से अधिक खण्ड हैं, में स्थित खण्ड–1 के कर निर्धारण अधिकारी को अन्य मण्डल में स्थानान्तरण से सम्बंधित बिन्दु–3 की कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।
नामित नोडल अधिकारी के दूरभाष एवं ई–मेल आई–डी की सूची संलग्न है।

**नोडल अधिकारी की सूची**

| क0सं0 | मण्डल का नाम | नामित नोडल अधिकारी | दूरभाष | ई–मेल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | देहरादून | श्रीमती अंजली गुसांई खण्ड–1, देहरादून। | 7055602758 | gusain.anj@gmail.com |
| 2 | विकासनगर | श्री योगेश मिश्रा खण्ड–1, विकासनगर | 7055602762 | yogeshcomtax@gmail.com |
| 3 | हरिद्वार | सुश्री गुलरेज रिजवी खण्ड–1 हरिद्वार | 7055602771 | dimplegul@gmail.com |
| 4 | ऋषिकेश | श्री रजनीकांत शाही खण्ड–1, ऋषिकेश | 9450116291 | onlyAshahi@gmail.com |
| 5 | रूड़की | श्री अनंत रजनीश, खण्ड–1 रूड़की | 7055602891 | anantrajnishrsk1979@gmail.com |
| 6 | कोटद्वार | श्रीमती मीनाक्षी त्यागी खण्ड–1, कोटद्वार | 7055602787 | tyagiminakshi357@gmail.com |
| 7 | काशीपुर | श्रीमती कविता पाठक ए0सी0 खण्ड–1 काशीपुर | 7055602790 | kavitapathak2@gmail.com |
| 8 | हल्द्वानी | श्री रिंकन सिंह, खण्ड–1, हल्द्वानी | 7897272272 | drrinkan@gmail.com |
| 9 | अल्मोड़ा | श्री कमल किशोर जोशी ए0सी0 खण्ड–1, अल्मोड़ा | 7055602708 | kamaljoshi20july@gmail.com |
| 10 | रूद्रपुर | श्री भुवन चन्द्र पाण्डे ए0सी0 खण्ड–1, रूद्रपुर | 7055602800 | bhuwanchandrapandey9@gmail.com |
| 11 | खटीमा | श्री अनिल कुमार सिन्हा | 7055602803 | sinhaanil77@gmail.com |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | खण्ड–1, खटीमा | | |
| 12 | पिथौरागढ़ | श्री कमल किशोर जोशी खण्ड–1, पिथौरागढ़ | 7055602708 | kamaljoshi20july@gmail.com |

समस्त खण्डाधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं, कि वे अपने–अपने खण्ड से सम्बन्धित सूचना स्टेट एडमिन / नोडल अधिकारी (जैसी भी स्थिति हो) को प्रत्येक दशा में दिनांक 20.01.2018 तक प्रेषित कर देंगे। नोडल अधिकारी उक्त प्रकार सूचना प्राप्त होने पर सूची में सम्बन्धित खण्ड का नाम अंकित कर दिनांक 27.01.2018 तक स्टेट एडमिन को प्रषित करना सुनिश्चित करेंगे।

स्टेट एडमिन इस प्रकार प्राप्त सूचना के आधार पर समस्त मामलों में सम्बन्धित खण्डों में हस्तान्तरित करना सुनिश्चित करेंगे। यदि भविष्य में इसी प्रकार को कोई मामला प्रकाश में आता है तो इस पर अगले कार्यदिवस में ही कार्यवाही कर दी जायेगी।

उक्त के क्रम में निर्देश दिए जाते हैं कि उक्त प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(पीयूष कुमार)
अपर आयुक्त (विशेष वेतनमान)
राज्य कर, मुख्यालय, देहरादून।

पृ0पं0सं0 4904 / दिनांक :: उक्त ::

<u>प्रतिलिपि :–</u> निम्न को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– समस्त एडिशनल कमिश्नर, राज्य कर, उत्तराखण्ड।
2– समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (कार्यपालक) राज्य कर, उत्तराखण्ड को इस निर्देश के साथ कि सम्बन्धित अधीनस्थ अधिकारियों को अपने स्तर से उक्त परिपत्र की प्रतियां उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।
3– समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (अपील) राज्य कर, उत्तराखण्ड।
4– समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर (वि0का0ब0 / टैक्स रिव्यू / प्रव0) राज्य कर, उत्तराखण्ड।
5– उक्तानुसार समस्त नामित नोडल अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6– श्रीमती नीलम ध्यानी, डिप्टी कमिश्नर एवं Web-Information Officer को विभागीय Website पर Update करने हेतु।
7– विधि–अनुभाग की गार्ड फाइल हेतु।

अपर आयुक्त (विशेष वेतनमान)
राज्य कर, मुख्यालय, देहरादून।